पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

प्रदेश की प्रत्येक विधान सभा में बनेगा एक आदर्श पशु चिकित्सालय

आधुनिक उपकरणों से लैस पशुचिकित्सालय पर पशुओं के सभी रोगों के निदान की उपलब्ध होगी नवीनतम सुविधाएं-श्री धर्मपाल सिंह

लखनऊ : 03 जुलाई, 2026

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की प्रत्येक विधान सभा में एक आदर्श पशु चिकित्सालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इसमें भारत सरकार द्वारा 26 नवम्बर, 2025 को जारी नवीन गाइडलाइन के अनुसार नवीन व आधुनिक आधारभूत संरचना, समस्त आधुनिक उपकरण से लैस पशु चिकित्सालय पर पशुओं के सभी प्रकार के रोगों के निदान की नवीनतम सुविधायें उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त इन आदर्श पशु चिकित्सालयों में अन्तःरोगी विभाग (वार्ड) की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिसमें रोगी पशु को सघन उपचार हेतु भर्ती किया जा सकेगा।

यह जानकारी प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने देते हुए बताया कि प्रत्येक आदर्श पशु चिकित्सालय पर नवीन व्यवस्था के अनुसार वर्तमान में एक पशु चिकित्साधिकारी के स्थान पर दो पशु चिकित्साधिकारी, दो वेटेरिनरी फील्ड असिस्टेंट तथा दो वेटेरिनरी अटेंडेंट मानव संसाधन के रूप में उपलब्ध रहेंगे, जो क्षेत्र के समस्त पशुपालकों को उच्च गुणवत्तापरक उपचार एवं मार्डन डायग्नोसिस की सुविधायें प्रदान करेंगे। इन पशु चिकित्सालयों के निर्माण संबंधी चयन के संबंध में सम्बन्धित विधान सभा क्षेत्र के विधायक द्वारा स्थान की संस्तुति प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग के समस्त संस्थाओं का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करते हुये, प्रदेश के समस्त पशुपालक भाइयों को पशु चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान एवं बांझपन चिकित्सा, टीकाकरण, बधियाकरण इत्यादि की सेवा प्रदान करने तथा निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु पूर्णतया वचनबद्ध हैं।

सम्पर्क सूत्र- निधि वर्मा

राघवेन्द्र / 03:15 PM